मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-13
10/01/2026

# जदयू विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी स्व0 ऊषा कुमारी की पुण्य स्मृति में आयोजित शोक सभा में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 10 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज जदयू विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी स्व0 ऊषा कुमारी की पुण्य स्मृति में आयोजित शोक सभा में शामिल हुये। भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड के दुल्हिनगंज ग्राम में आयोजित शोक सभा में मुख्यमंत्री ने स्व0 ऊषा कुमारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******